06168

हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.एच.डी.)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2010

एम.एच.डी.-6 : हिन्दी भाषा एवं साहित्य का इतिहास

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं। सभी प्रश्नों के अंक **समान** हैं।*

---

1. आदि कालीन वीरकाव्य एवं शृंगारपरक काव्य पर एक निबंध लिखिए। 20

अथवा

अपभ्रंश काव्य-परंपरा का परिचय देते हुए हिन्दी से उसका संबंध बताइए।

2. निर्गुण ज्ञानमार्गी काव्यधारा की विशेषताऐं बताइए। 20

अथवा

रामभक्ति साहित्य की काव्य प्रवृत्तियों का विवेचन कीजिए।

3. रीतिकाव्य की प्रमुख विशेषताऐं बताते हुए हिन्दी साहित्य में उसके महत्व पर प्रकाश डालिए। **20**

अथवा

द्विवेदीयुगीन खड़ीबोली-कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए। 'भारतेंदु युग नवजागरण और आधुनिकता का प्रवेश द्वार है।' इस कथन की समीक्षा कीजिए।

4. क्या छायावाद को भारतीय राष्ट्रीय सांस्कृतिक नवजागरण की काव्यात्मक अभिव्यक्ति कहा जा सकता है? तर्क संगत उत्तर दीजिए। **20**

अथवा

समकालीन कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों का विश्लेषण कीजिए।

5. हिन्दी निबन्ध की विकास यात्रा की विवेचना कीजिए। **20**

अथवा

भाषा परिवार की संकल्पना को स्पष्ट करते हुए भारत के भाषा परिवारों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

6. निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** पर टिप्पणी लिखिए : **10x2=20**

(क) 'सरस्वती' और महावीर प्रसाद द्विवेदी

(ख) प्रयोगवाद

(ग) पुष्पदंत और स्वयंभू

(घ) देवनागरी लिपि